राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट

दिनांकः– 05/06/2026

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए केवल कैंडिडेट ग्रीवेंस पोर्टल के माध्यम से ही अपनी परिवेदनाएं दर्ज कराएं।

यदि अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन या आरपीएससी की किसी भी भर्ती परीक्षा, आवेदन प्रक्रिया या इससे संबंधित कोई तकनीकी समस्या आ रही है, तो इसके समाधान हेतु अपनी शिकायत केवल आयोग के कैंडिडेट ग्रीवेंस पोर्टल पर ही निर्धारित प्रक्रिया अनुसार दर्ज कराए।

इस पोर्टल पर दो तरीकों से परिवेदना/शिकायत दर्ज की जा सकती हैः–

प्रथम तरीका ओटीआर आधारित – अगर समस्या किसी परीक्षा से जुड़ी नहीं है, बल्कि वन टाइम रजिस्ट्रेशन के तकनीकी कारणों या प्रोफाइल संशोधन से संबंधित है, तो इस विकल्प को चुनें।

दूसरा तरीका एप्लिकेशन नंबर आधारित– अगर समस्या किसी विशेष परीक्षा, एडमिट कार्ड या परीक्षा फॉर्म से जुड़ी है, तो आपको इस विकल्प का चयन करना होगा।

शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया

- **स्टेप 1:– कैंडिडेट ग्रीवेंस पोर्टल पर जाएं**
- **स्टेप 2:– वेरिफिकेशन और ओटीपी**
  पोर्टल पर समस्या के प्रकार अनुसार ओटीआर या एप्लीकेशन आई डी के विकल्प का चयन करें। अपना ओटीआर/एप्लीकेशन नम्बर और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद वैलिडेट एंड सैंड ओटीपी पर क्लिक करें। मोबाइल पर आए ओटीपी और स्क्रीन पर दिख रहे कैप्चा कोड को भरकर सबमिट करें।
- **स्टेप 3:– शिकायत की केटेगरी चुनें**
  सफलतापूर्वक लॉग–इन होने के बाद यहां आपको अपनी समस्या के अनुसार सही/सटीक ग्रीवेंस केटेगरी और ग्रीवेंस सब केटेगरी का चुनाव करना होगा, जिससे उसका समाधान त्वरित हो सकेगा। उदाहरण के लिएः–
  - तकनीकी समस्याः– ऑनलाइन फॉर्म, ऑनलाइन फीस या पोर्टल से जुड़ी दिक्कतें।
  - परीक्षा संबंधीः– एडमिट कार्ड, परीक्षा केंद्र, परीक्षा तिथि या सिलेबस संबंधी शिकायत।
  - परिणाम/उत्तर कुंजी/ आंसर–की पर आपत्ति, ओएमआर शीट या मार्क्स से जुड़े मामले।
- **स्टेप 4:– विवरण लिखें और फाइनल सबमिट करें**
  इसके बाद ग्रीवेंस डिटेल वाले बॉक्स में कम से कम 30 अक्षरों में अपनी समस्या को सरल भाषा एवं समझाने योग्य रूप से लिखें। यदि आपके पास शिकायत से जुड़ा कोई दस्तावेज है, तो उसे पीडीएफ फॉर्मेट (अधिकतम 2 एमबी) में अपलोड करें। अंत में सबमिट ग्रीवेंस पर क्लिक करें। स्क्रीन पर सफल रजिस्ट्रेशन का पॉप–अप आएगा और आपको एक ग्रीवेंस नंबर प्राप्त होगा, जिसे भविष्य में संदर्भ लिए नोट कर लें। ग्रीवेंस दर्ज होने संबंधी जानकारी एवं ग्रीवेंस नंबर पंजीकृत मोबाइल पर एसएमस के माध्यम से भी प्राप्त होगा।

शिकायत दर्ज करने के बाद अभ्यर्थी कभी भी पोर्टल के होम पेज पर जाकर ऊपर दाईं ओर दिए गए व्यू एग्जिस्टिंग ग्रीवेंस स्टेट्स बटन पर क्लिक अपना ग्रीवेंस नंबर, मोबाइल नंबर और कैप्चा कोड डालकर सबमिट करने पर शिकायत की वर्तमान स्थिति या आयोग का प्रत्युत्तर देख सकते हैं।

नोट :– सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन इस पोर्टल पर स्वीकार नहीं होंगे, उसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का ही पालन करें।